बुधवार
07 जून 2023



पृष्ठ 4
दूध में मिलाकर पिएं बस 2 इलाइची



पृष्ठ 5
सामंथा रुथ प्रभु फिल्म चेन्नई स्टोरी से भरेंगी हॉलीवुड की उड़ान



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 125
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

विवेक जीवन का नमक है और कल्पना उसकी मिठास। एक जीवन को सुरक्षित रखता है और दूसरा उसे मधुर बनाता है।
— अज्ञात

# दूनवैलीमेल

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# उत्तराखण्ड में दो नये शहर बसाने को लेकर केन्द्र सरकार ने दी मंजूरी



हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड में काशीपुर व डोईवाला के निकट दो नए शहर बसाने को केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभिक तौर पर मंजूरी दे दी गयी है। आवास विभाग ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में सर्वसुविधा संपन्न शहर का प्रस्तुतिकरण दे दिया है, जिस पर सहमति जताते हुए दोनों स्थानों का निरीक्षण करने जल्द ही केंद्र से टीम आएगी। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा इन शहरों का 1100 करोड़ का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा गया था।

बता दें कि आवास विभाग प्रदेश में आठ नए शहरों को बसाने की योजना पर काम कर रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र से इस संबंध में अनुरोध करते हुए 1100 करोड़ का

**❑निरीक्षण करने जल्द आयेगी टीम**

प्रस्ताव दिया था। इसके तहत आवास विभाग ने दो शहरों का प्रस्ताव तैयार किया गया और केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को भेज दिया गया था। इनमें से एक शहर काशीपुर में पराग फार्म की भूमि पर इंडस्ट्रियल सिटी के नाम से बनेगा।

वहीं दूसरी टाउनशिप, डोईवाला के निकट दून-हरिद्वार हाईवे पर एयरो सिटी के नाम से बनेगी। इंटिग्रेटेड टाउनशिप के नाम से यह शहर बनाया जाएगा। इसमें 746.98 हेक्टेयर सरकारी भूमि और 2333.81 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल होगी। बताया यह भी जा रहा है प्रस्तुतिकरण होने के बाद जल्द ही दोनों टाउनशिप का निरीक्षण करने के लिए केंद्र की टीम उत्तराखंड पहुंचेगी। इन सभी शहरों में आवास विभाग सुविधाएं देगा। इनमें सड़क, सीवर से लेकर अत्याधुनिक शहरों जैसी सभी सुविधाएं शामिल होंगी। टाउन प्लानिंग विभाग की मदद से इन शहरों का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

इस मामले में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का कहना है कि जिस प्रकार से देहरादून सहित सभी शहरों में जनसंख्या का घनत्व बढ़ रहा है, हम नई टाउनशिप बनाने पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। हमने 22 स्थान चिन्हित किए थे, जिनमें से 10 का चुनाव किया था। इनमें से आठ शहरों का प्रस्ताव तैयार हो रहा है।

# लव जिहाद की लड़ाई, तुष्टीकरण पर आई

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में बढ़ते लव जिहाद के मामलों को लेकर जहां एक तरफ पहाड़ के लोग गुस्से से आगबबूला है और जनांदोलन की ओर अग्रसर है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और भाजपा इस मुद्दे पर आमने-सामने हैं। कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा लैंड जेहाद और लव जिहाद को तूल देकर प्रदेश का सांप्रदायिक माहौल खराब किया जा रहा है तथा एक समुदाय विशेष का उत्पीड़न किया जा रहा है वहीं भाजपा नेताओं द्वारा इसे देवभूमि के लोगों के खिलाफ एक सुनियोजित षड्यंत्र बताकर सभी से इस मुद्दे पर एकजुट होने की अपील की जा रही है।

पुरोला और चकराता के बाद अब बीते कल चमोली के गौचर में एक हिंदू लड़की के साथ दो मुस्लिम लड़कों के साथ होने व जिसमें से एक युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था, का मामला भी अब तूल पकड़ता जा रहा है। दूसरा आरोपी जो लड़की को मोटरसाइकिल पर लेकर फरार हो गया था वह अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जबकि लड़की अपने घर वापस आ गई है। लड़की के



**●गौचर में लड़की के परिजनों ने कराया मुकदमा दर्ज**
**●कांग्रेस का समुदाय विशेष को टारगेट करने का आरोप**

परिजनों द्वारा अब गौचर में इन युवकों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया है। अपना नाम और धर्म छिपाकर लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाने के इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है तथा वह आरोपी युवकों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

उधर कांग्रेस नेता गरिमा दसोनी का कहना है कि लव जिहाद के मामलों में कठोर कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन प्रदेश में लव जिहाद और लैंड जिहाद के नाम पर एक समुदाय विशेष को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उनका कहना है कि इससे प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# झारखंड के बोकारो में टला बड़ा रेल हादसा

नई दिल्ली। झारखंड के बोकारो में बड़ा रेल हादसा टल गया है। संथलडीह में रेलवे क्रॉसिंग के गेट पर ट्रैक्टर ट्रॉली रेलवे ट्रैक और गेट के बीच फंस गया था। इस दौरान नई दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस यहां से गुजर रही थी। लेकिन ट्रेन के ड्राइवर ने ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया और बड़ा रेल हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार बोकारो के भोजुडीह रेलवे स्टेशन के पास स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रैक्टर फंस गया था। साउथ ईस्टर्न रेलवे आदरा डिविजन के डीआरएम मनीष कुमार ने बताया कि ड्राइवर ने सही समय पर ब्रेक लगा दिया, जिसकी वजह से ट्रेन रुक गई और बड़ा रेल हादसा टल गया। मनीष कुमार ने कहा कि यह घटना मंगलवार की शाम 5 बजे हुई, जिसकी वजह से ट्रेन 45 मिनट लेट हो गई। ट्रैक्टर को सीज कर लिया गया है और ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं गेटमैन को सस्पेंड कर दिया गया है। मौके से ट्रैक्टर का ड्राइवर फरार हो गया था। अहम बात यह है कि यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है जब ओडिशा के बालासोर में बड़ा रेल हादसा हुआ था। बालासोर रेल हादसे में 278 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 1100 लोग घायल हुए थे।



# अमेरिकी कांग्रेस की बैठक को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता होंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस की एक संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। वे इस बैठक को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता होंगे। अमेरिकी कांग्रेस द्वारा जारी बयान के अनुसार, यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस ने हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को 22 जून को देश की अपनी यात्रा के दौरान प्रतिनिधि सभा और सीनेट की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है।

अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक में पीएम मोदी का दूसरा संबोधन ऐतिहासिक होने वाला है।दो बार ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय पीएम बनने



वाले हैं। पीएम मोदी इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने इसे तीन बार किया है। पीएम मोदी ने मंगलवार को ट्वीट किया कि वह निमंत्रण स्वीकार करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं और बैठक के लिए उत्सुक हैं। पीएम ने आगे लिखा, "हमें अमेरिका के साथ हमारी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर गर्व है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, मजबूत लोगों से लोगों के बीच संबंधों और वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता की नींव पर बनी है।

राष्ट्रपति जो बिडेन और प्रथम महिला जिल बिडेन के निमंत्रण के बाद पीएम मोदी 22 जून को अमेरिका जाने वाले हैं। पत्र में आगे लिखा है कि मोदी के "सात साल पहले कांग्रेस की संयुक्त बैठक में ऐतिहासिक संबोधन ने दोनों देशों के बीच एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और दोस्ती को बहुत गहरा किया। इस बीच व्हाइट हाउस ने कहा कि प्रध नमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा अमेरिका और भारत के बीच गहरी, करीबी साझेदारी की फिर से पुष्टि करने का एक अवसर होगा।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# लव जिहाद पर लगाम जरूरी

देवभूमि उत्तराखंड में बीते कुछ महीनों से जिस तरह लव जिहाद के एक के बाद एक मामले सामने आ रहे हैं वह हैरान और परेशान करने वाले हैं। पुरोला का मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि चकराता क्षेत्र में इस तरह की घटना सामने आ गई अभी इन दोनों मामलों को लेकर जनाक्रोश शांत नहीं हुआ था कि चमोली की घटना को लेकर हंगामा मचा हुआ है। सवाल यह है कि क्या यह लव जिहाद का षड्यंत्र देवभूमि में बहुत पहले से चल रहा है जिस पर स्थानीय लोगों या पुलिस प्रशासन अथवा सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलो की नजर नहीं गई या फिर आज वर्तमान में यह लव जिहाद के मामले उफान पर आए हुए हैं? पहाड़ के लोग जो अब लव जिहाद की घटनाओं को लेकर इतने आगबबूला है कि गैर हिंदुओं और बाहरी लोगों को राज्य से बाहर खदेड़ने की मांग को लेकर निरंतर धरने प्रदर्शन कर रहे हैं और बंद कर रहे हैं उनका कहना है कि वह लंबे समय से इस तरह की घटनाओं का सामना कर रहे हैं यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अनेक ऐसी घटनाएं होती रही हैं। अगर यह सच है तो पीड़ित हिंदुओं ने इतने लंबे समय से ऐसे मामलों पर चुप्पी क्यों साध रखी थी? यह हो सकता है कि सामाजिक शर्म और बदनामी इसका एक कारण रहा हो लेकिन अगर इस गलत काम का प्रारंभिक तौर से विरोध किया गया होता तो शायद यह समस्या इतनी विकराल रूप नहीं लेती। यह हैरान करने वाली बात है कि कुछ राजनीतिक दलों के नेता इसे अभी भी सत्तारूढ़ दल का प्रोपेगेंडा कहकर इसे चुनावी लाभ से जोड़कर देख रहे हैं। जब चकराता क्षेत्र में हिमाचल की एक नाबालिग लड़की को दो मुस्लिम युवकों के साथ पकड़ा गया था तो क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान खुद मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने इस लव जिहाद की घटनाओं पर कहा था कि यह एक अंडरकवर षड्यंत्र है जो सुनियोजित तरीके से राज्य में चलाया जा रहा है इसलिए यह पता लगाया जाना चाहिए कि इसके पीछे कौन है तथा इन लोगों को फंडिंग कहां से हो रही है। मुख्यमंत्री धामी ने सूबे में जनसांख्यिकीय असंतुलन की बात कहकर सूबे में बाहरी राज्य के गैर हिंदू समुदाय के लोगों की घुसपैठ करने और धार्मिक संरचनाओं की आड़ में अवैध कब्जे करने तथा प्रदेश की देव संस्कृति को दूषित करने की जो आशंकाएं समय-समय पर जताई जाती रही उनका सच अब सामने आ रहा है हजारों हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का जो काम हो रहा है उसका विरोध करने के लिए किसी का भी सामने न आना तथा हिंदुओं की बहन-बेटियों को बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाना उनका शारीरिक शोषण करना और फिर डरा धमका कर उनका धर्म बदला जाना अगर इतना बड़ा सच है तो यह हैरान परेशान करने वाला ही नहीं है अपितु इसके खिलाफ शासन-प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। प्रदेश की जनता को इसके खिलाफ और अधिक जागरूक बनाए जाने की जरूरत है। अगर कोई महिला या लड़की अपनी सहमति से ऐसा कर रही है तो यह भले ही लव जिहाद के दायरे में न आता हों लेकिन हिंदुओं के लिए अत्यंत ही चिंतनीय है। इस समस्या के लिए सिर्फ एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। अगर कोई किसी को भगा कर ले जाता है तो भागने वाला भी कम दोषी नहीं है। क्या पहाड़ की बहू बेटियों में इतनी जागरुकता नहीं होनी चाहिए वह सोच पाए कि वह जो कर रही है गलत है? अगर उनमें यह जागरूकता नहीं है तो उन्हें जागरूक बनाने की जरूरत है तभी इस समस्या से निजात संभव है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ एक गिरफ्तार

देहरादून (सं)। नाबालिग से छेडछाड के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोहडी गांव निवासी व्यक्ति ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही प्राईमरी स्कूल में काम करने वाले अर्सलान अली पुत्र मौहम्मद हारून निवासी बेहट के द्वारा उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेडछाड करते हुए अश्लील हरकतें की जिसके बारे मे उसकी बेटी ने घर आकर अपनी मां को बताया। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

*पदा पर्णीँरराधसो नि बाधस्व महाँ असि।*
*नहि त्वा कश्चन प्रति॥*

(ऋग्वेद ८-६४-२)

हे परमेश्वर ! तुम उनको अपने पैरों के नीचे कुचल दो, जो सामर्थ्य तो रखते हैं परंतु दूसरों के हित के लिए कुछ भी नहीं करते। वो स्वार्थी हैं, दूसरों के बारे में नहीं सोचते। परमेश्वर, तुम सर्वशक्तिशाली हो और तुम जैसा कोई ओर नहीं है।

O God ! You crush them under your feet; they are able but do nothing for the benefit of others. They are selfish and do not think about others. Lord, you are omnipotent, and there is no one like you. (Rig Ved 8-64-2)

# अपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने दिया डीजीपी को ज्ञापन

संवाददाता



देहरादून। पछवादून क्षेत्र में बढती अपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने पुलिस मुख्यालय पहुंच पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन सौंपा।

आज यहां पछवादून कांग्रेस कार्यकर्ता पछवादून कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पछवादून क्षेत्र में कानून व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है। हरबंटपुर में दिन दहाडे पांच लाख रुपये की लूट की घटना को लम्बा समय बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। एक युवक के द्वारा सरेआम मदिरा पान करते हुए गाडी चलाने का वीडियों वायरल हुआ है तथा पुलिस ने ऊंची पहुंच के कारण उसपर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की है। इसके साथ ही एक कमर्शियल स्विमिंग पुल में एक छोटे बच्चे के डुबने से हुई मौत की दुखद घटना घटित होने पर पुलिस प्रशासन द्वारा स्विमिंग पूल संचालक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि पछवादून क्षेत्र में मादक पदार्थ तथा नशे का अवैध कारोबार धडल्ले से चल रहा है। शिक्षा संस्थानों का हब होने के चलते नशे के अवैध कारोबारियों द्वारा स्कूल-कालेजों में पढने वाले बच्चों को टारगेट कर नशे की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने डीजीपी से मांग की है कि इस प्रकार के अवैध धंधों के खिलाफ कार्यवाही के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया जाये।

ज्ञापन देने वालों में विकास शर्मा, धीरज नौटियाल, अमर सिंह आदि लोग शामिल थे।

## हुड़दंग करते सात गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने हुडदंग करते सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रायपुर पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। गत दिवस तीन व्यक्तियों द्वारा चुना भट्टा व चार व्यक्तियों द्वारा अंबेडकर कॉलोनी में पार्किंग को लेकर आपस मे हुड़दंग करने पर सात व्यक्तियों को मौके पर पहुची रायपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सलमान पुत्र जाने आलम निवासी काजी जात गांव थाना चांदपुर बिजनौर, तेनजिंग जिन्ना निवासी मंगल वाला नालापानी थाना रायपुर, गणेश पुत्र नर सिंह कुंअर ग्राम पोस्ट खेद तहसील धारचूला पिथौरागढ़, सुहेल अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी रायपुर रोड अंबेडकर कॉलोनी थाना रायपुर, अमजद अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी अंबेटकर कालोनी, अजय सैनी पुत्र सीताराम सैनी निवासी अंबेडकर कालोनी,जयपाल सिंह पुत्र छोटे सिंह निवासी रायपुर खादर स्टेडियम थाना रायपुर बताये।

## जनसंपर्क अभियान में बताई केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियां

संवाददाता

देहरादून। महा जनसम्पर्क अभियान में केन्द्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। आज यहां भारतीय जनता पार्टी का महा जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है भाजपा महानगर एवं मंडल पदाधिकारियों ने भाजपा महानगर कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान के तहत सूफी संवाद कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलाम पाक की आयत के साथ मौलाना फिरोज अहमद इमाम रजा जमा मस्जिद हाफिज मोहम्मद असलम नाजी मियाला मदरसा लोहिया नगर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री शमीम आलम रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष यासमीन आलम खान, मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री महानगर प्रभारी अनीश गॉड, प्रदेश उपाध्यक्ष जमीर हसन अंसारी, नाजिम राठी, पूर्व प्रदेश मंत्री हाजी सलीम, प्रदेश मंत्री सबीना सिद्दीकी, युसूफ मलिक, महानगर पदाधिकारी मुख्य वक्ता एवं मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। भाजपा पदाधिकारियों ने सूफी संतो के साथ केंद्र सरकार के 9 साल के कार्यकाल वा उपलब्धियों से अवगत कराया। अल्पसंख्यक समाज इसके लिए केंद्र व राज्य सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं सूफी समाज के सम्मुख उन योजनाओं को बताया। सूफी समाज के लोगों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महा जनसंपर्क अभियान घर घर योजनाओं को पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर शकील, राव वाहिद, आजम खान, अवनीश जैन, अमर जैन, इरशाद, मोहम्मद कयूम, राजकुमार, तारिक अनवर, हारुन अंसारी, फरियाद मलिक, शहजाद खान, अंकित, शमशाद कुरैशी, साजिद खान, इसराइल मलिक, जुबेर आलम, हाफिज हुजैफा रईस वासी, हाजी मास्टर अबरार, जीनत, शबाना, अंजुम शेरशाही, फरियाद अहमद आदि मौजूद रहे।



# अतिक्रमण के विरोध में अधिशासी अभियन्ता को सौंपा ज्ञापन

हमारे संवाददाता



देहरादून। कैण्ट युवा समिति द्वारा गढ़ी डाकरा क्षेत्र में सिंचाई विभाग की भूमि व कैंट बोर्ड की संपत्ति पर भारी संख्या में ठेली व खोके लगाकर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किए जाने के विरोध में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन के माध्यम से कैंट युवा समिति द्वारा कहा गया है कि गड़ी डाकरा क्षेत्र में कई लोगों द्वारा सिंचाई विभाग की भूमि व कैंट बोर्ड की संपत्ति पर लगभग 500 रेडी व खोखे लगाकर पूर्व समय से अतिक्रमण किया हुआ था। जिसे कैंट बोर्ड, सिंचाई विभाग व पुलिस प्रशासन द्वारा 22 मई को हटा दिया गया था जिसका क्षेत्रीय जनता ने आभार प्रकट किया था।

समिति ने कहा कि पूर्व में जो अतिक्रमण सरकारी आदेश पर हटाया गया था वह फिर किसी की शह पर दोबारा लगना प्रारंभ हो गया है जिससे क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। उन्होंने निवेदन करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं व उनकी भावनाओं के मद्देनजर यह अतिक्रमण फिर हटाया जाए। ज्ञापन देने वालों में समिति के संरक्षक सच्चिदानंद तिवारी, अध्यक्ष राजन बस्नेत, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कश्यप, सचिव प्रवीण जोशी व दीपक राई शामिल रहे।



# जवानी में भी सफेद हो रही हैं आईब्रो, तो घर बैठे ऐसे करें डाई

आंखों की खूबसूरती बनाए रखने में आईब्रो का अहम हिस्सा माना जाता है। अगर आईब्रो काली और घनी हैं, तो चेहरे की खूबसूरती पर चार-चांद लग जाते हैं। मगर कई महिलाओं की आईब्रो उम्र से पहले ही सफेद होना शुरू हो जाती हैं।

ऐसे में जब लॉकडाउन की स्थिति में पार्लर बंद है, तो आप इन्हें घर पर ही माटी और डार्क कर सकती हैं। वैसे तो आप यह काम मेकअप के जरिए भी कर सकती हैं, मगर नेचुरल लुक के लिए आपको प्राकृति डाई का ही इस्तेमाल करना चाहिए। आइए जानें कैसे करें ये काम...

1. कॉफी

कॉफी में बालों को रंगने के गुण पाए जाते हैं। कई लोग हेयर कलर करते वक्त मेंहदी के मिश्रण में कॉफी भी मिलाते हैं। तो अगर आप चाहें इसे अपनी भौहों के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

सामग्री

*1 कप पानी

*कॉफी पाउडर

पेस्ट बनाने की विधि-

1.दो बड़े चम्मच ठंडे पानी में दो चम्मच कॉफी मिलाएं।

2.गैस पर पानी उबालें और उस कॉफी के घोल को डालें। अच्छी तरह मिलाएं और ठंडा होने दें।

3.अब अपनी आईब्रो पर ब्रश की मदद से पेस्ट को लगाएं।

4.इसे 3० मिनट के लिए छोड़ दें और फिर इसे सादे पानी से धो लें।

आप चाहें तो इस पेस्ट में थोड़ी मात्रा मेहंदी पाउडर भी मिला सकती हैं। लेकिन इसकी मात्रा थोड़ी कम होनी चाहिए।

2. आंवला

यदि आपके बाल और आईब्रो समय से पहले सफेद होने लगे हैं, तो आंवला आपके काम आ सकता है। यह स्वाभाविक रूप से बालों को काला करने में मदद करता है।

सामग्री

*5 अमला

*एक गिलास पानी

पेस्ट बनाने की विधि-

1.आंवले को छोटे टुकड़ों में काट लें और उन्हें 1 गिलास पानी में अच्छी तरह से उबाल लें।

2.मिश्रण को ठंडा करें और उससे अपनी आईब्रो को धोएं।

3.इसे थोड़ा अतिरिक्त बनाकर रखें और हर रोज इसका उपयोग करें।

4.ऐसा हफ्ते में 1-2 बार करें।

4. नेचुरल डाई

नेचुरल कलर, सफेद आइब्रो को काला करने में मदद करते हैं। आप ऐसे खाद्य पदार्थ ले सकती हैं, जिनमें प्राकृतिक रंग जैसे चुकंदर, सेज और केसर हों। इन खाद्य पदार्थों से रस निकालें और फिर अपनी आईब्रो पर ब्रश की मदद से लगाएं। आप दिन में एक बार इसका उपयोग कर सकती हैं।

3. करें विटामिन का सेवन

विटामिन बी-12, एच, और डी-3 की कमी के कारण बहुत से लोगों के बाल सफेद होने लगते हैं। यदि आप उन्हें दुबारा काला करना चाहती हैं, तो विटामिन्स का उपयोग करें। अपने हर दिन के आहार में चिकन, मछली, अंडे, पनीर, और बादाम जैसे विटामिन से भरपूर खाद्य पदार्थ और सप्लीमेंट लें।

5. इन तरीकों से भी आइब्रो बना सकती हैं ब्लैक:

*प्लकिंग: जो बाल सफेद हों, उन्हें बाहर निकाल दें। लेकिन ऐसा तभी करें जब एक या दो बाल ही सफेद हों।

*आईब्रो पेंसिल या पैलेट: ये बहुत सारे रंगों में बाजार में उपलब्ध हैं।

*टेंपरेरी डाई: बाजार में कई सारे टेंपरेरी डाई उपलब्ध हैं जो प्रभावी हैं।

*मस्कारा: आइब्रो पेंसिल या पैलेट न हो, तो काजल का उपयोग करके सफेद आईब्रो को ढंका जा सकता है। इस तरह से आप अपनी सफेद होती आईब्रोज को काला और घना बना सकती है। नेचुरल चीजों के उपयोग से आपको किसी भी प्रकार की एलर्जी नहीं होगी तो आप बेफिक्र इनका प्रयोग कर सकती हैं।

# बाल विधायक अपने क्षेत्र में निष्ठा व लगन से करें कार्य: ऋतु खंडूड़ी



संवाददाता

गैरसैंण। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि बाल विधायक अपने क्षेत्र में निष्ठा, लगन व ईमानदारी के साथ कार्य करें।

आज यहां उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मार्गदर्शन में प्लान इण्डिया द्वारा बाल विधानसभा द्वितीय सत्र के द्वितीय दिवस आयोग गैरसैंण विधानसभा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण द्वारा बाल विधायकों को विधानसभा परिसर का भ्रमण कराते हुये विधानसभा की कार्यवाही व प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करते हुये किया गया। बाल विधानसभा सत्र का प्रारम्भ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण व अनिल नौटियाल, विधायक कर्णप्रयाग, आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना, विशिष्ट अतिथि विनोद कपरवाण, अनुसचिव, डा. एसके सिंह, बाल मुख्यमंत्री रोहित परिहार व बाल उप मुख्यमंत्री दीक्षा खरकवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोग की अध्यक्ष डा.गीता खन्ना व सदस्य विनोद कपरवाण द्वारा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण का स्वागत शॉल व मोमेंटों भेंट कर किया गया व अनिल नौटियाल, विधायक कर्णप्रयाग का अभिनन्दन आयोग के अनुसचिव, डा एसके सिंह द्वारा शॉल व मोमेंटों भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के स्वागत हेतु सरस्वती विद्यामन्दिर गैरसैंण विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम कर किया गया। कार्यक्रम में गोपाल थपलियाल, प्रोजेक्ट मैनेजर, प्लान इण्डिया द्वारा बाल विधायकों द्वारा पूर्व में किये गये छः माह के कार्यो पर प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। बाल विधानसभा के मुख्यमंत्री रोहित परिहार द्वारा अपना उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना द्वारा बाल विधान सभा में उपस्थित सभी बाल विधायकों, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी, सभी विभागों से उपस्थित अधिकारियों का कार्यक्रम में स्वागत किया गया तथा बच्चों से भविष्य की कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में महिला कल्याण से जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, स्वास्थ्य विभाग से अर्जुन रावत, धनंजय लिंगवाल, डीपीओ चमोली, शशि सौरियाल, ब्लाक प्रमुख, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कस्तुरा झिंगवाण, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी रावत, बाल कल्याण समिति चमोली अध्यक्ष/सदस्य, शिक्षा विभा, उपशिक्षा अधिकारी लखपत सिंह रावत, शंकर सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी, धर्म सिंह रावत, स्वास्थ्य विभाग, चमोली, डा. महेन्द्र सिहं, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## केदारनाथ धाम में बिछड़े बच्चे को उसके परिजनों से मिलवाया

हमारे संवाददाता

चमोली। केदारनाथ धाम ड्यूटी में नियुक्त पी.आर.डी. जवान संतोष को एक बच्चा परेशान दशा में मिला। बच्चे से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि उसे उसके परिजन नहीं मिल रहे हैं। उसने अपनी ओर से काफी ढूंढने का प्रयास किया था, इस कारण वह काफी रुआंसा भी हो गया था। इस पर जवान द्वारा बच्चे के नाम से खोया पाया केन्द्र से अनाउंसमेंट कराया गया, परिणाम स्वरूप बच्चे के परिजन वहां पर आये व अपने बच्चे को सकुशल पाकर उनके द्वारा पुलिस का आभार प्रकट किया गया। ये लोग भी अपने स्तर से बच्चे को ढूंढ रहे थे।

# किरायेदारों पर मकान कब्जाने का आरोप

देहरादून (सं)। किरायेदारों पर मकान कब्जाने व मारपीट कर जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनहल हास लक्ष्य एन्कलेव बंजारावाला निवासी युसरा अहमद ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मकान में उसने अपने मकान मे अंकित सैनी व आशीष सैनी को 2021 से किरायेदार के रुप मे रखा जो प्रति महिने 7000 रूपये किराया व बिजली का बिल तय हुआ फिर एक जनवरी 2023 से प्रतिमाह 9000 रूपये किराया तय हुआ। उक्त किरायेदार ने बिजली का बिल फरवरी 2023 से नही दिया है और मकान का किराया अप्रेल ,मई 2023 से बकाया है। उक्त किरायेदार द्वारा कभी भी मकान के किराये का भुगतान सही समय पर नही किया गया है। तंग आकर जब उसने मकान खाली करने को कहा तो उक्त किरायेदार मकान खाली करने के एवज मे पैसो की माँग करता है तथा गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देता है और उसके उक्त मकान पर अवैध रुप से कब्जा बनाये हुआ है। उक्त किरायेदार का 02 टैक्टर व ट्राली घर के आगे खडी रखते है जो सदिग्ध प्रतीत होती है और ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त व्यक्ति नम्बर प्लेट भी बदलकर लगाता है बिना नम्बर प्लेट के टैक्टर ट्राली अपने काम के प्रयोग मे लाता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 10वीं व 12वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित



संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने 10वीं व 12वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

आज यहां इंद्रेश नगर बाल्मीकि सामुदायिक भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10वी एवं 12वी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के संस्थापक/ अध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र केसला एवं संचालन मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री राजेश राजोरिया ने किया स दूसरी तरफ समाज सेवी राजन ढिंगिया एवं उनकी धर्मपत्नि निशा ढिंगिया ने महानगर भाजपा(एस सी) मोर्चा की टीम का स्वागत किया। जिनका स्वागत किया गया उनमें महानगर अध्यक्ष एवं सभासद विशाल कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण चौहान, पूर्व अध्यक्ष धर्मपाल घाघट, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दिनेश चमन, विनोद घाघट, राजीव राजौरी, बी एल टांक, प्रधान प्रवेश गौतम आदि मुख्य थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना थे। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के आह्वान 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' को आत्मसात करने को कहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा की 12वी कक्षा में 21वा स्थान प्राप्त करने पर हर्षिता खजवाल सहित 30 मेधावी छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मकवाना ने कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम व मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जीवन की विपरीत परिस्थिति में शिक्षा की बदौलत यह मुकाम हासिल किया। कार्यक्रम का आयोजन संयम कुमार ने किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय सभासद मनोज जातव, सभासद विशाल कुमार, विधायक खजान दास के प्रतिनिधि महेश गुप्ता आदि थे।

# इस प्रकार आप रहेंगी स्वस्थ

महिलाओं को ऐसी बहुत सी समस्याएं होती है जिसका सही समय पर इलाज न होने पर वो किसी बड़ी बीमारी का रुप ले लेती है। इसलिए उन्हें शुरुआत से ही सावधान रहना चाहिये। वैसे तो लहसुन का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए किया जाता है लेकिन इससे महिलाओं की कई तरह की समस्याएं दूर हो सकती है। रोजाना केवल एक लहसुन का सेवन करने से आप कई तरह बीमारियों से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए आपको दवाइयों का सहारा भी नहीं लेना पड़ेगा। एक आम समस्या कब्ज की है जो महिलाएं किसी से कह नहीं पातीं।

जिसके कारण उनकी ये समस्यां किसी बड़ी बीमारी का रुप ले लेती है। इसके लिए रोजाना एक लहसुन की कली को शहद में मिला कर खाने से शरीर के विषाक्त पदार्थो बाहर निकल जाएंगे और आपकी कब्ज की समस्या दूर हो जाएगी।

पैरों की झनझनाहट

पैरों में झनझनाहट होने पर आप इसे छोटी सी बात समझ कर अनदेखा कर देते है। लहसुन में मौजूद प्रोटीन, वसा, कार्बोज, खनिज पदार्थ नसों की झनझनाहट की समस्यां दूर हो जाती है। रोजाना एक लहसुन की कली खाने से बार-बार पैरों में झनझनाहट होनी बंद हो जाएगी।

आज के समय में ब्लड प्रेशर की समस्यां ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलती है। विशेषज्ञों के अनुसार हाई बल्ड प्रैशर होने पर खाली पेट लहसुन का सेवन करने से इस समस्यां से छुटकरा पाया जा सकता है। ये ब्लड सर्कुलेशल को बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा लहसुन खाना दिल के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है।

इम्युन सिस्टम मजबूत

शरीर की ज्यादातर बीमारियां इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर होती है। रोजाना खाली पेट एक लहसुन का पेस्ट बनाकर नींबू और शहद मिला कर खाने से इम्यून सिस्टम तो ठीक रहता ही है साथ ही इससे कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में होता है। लहसुन इन दोनों को बेहतर बनाकर शरीर से बीमारियों को दूर रखता है।

# बच्चों की इन आदतों को नजरअंदाज न करें

कई बार देखा गया है कि बच्चों को जाने-अनजाने नाखून चबाना, दांत पीसना या बेवजह पैर हिलाने की आदत पड़ जाती है। अभिभावक इसे मामूली समझ नजरअंदाज कर देते हैं, जोकि सही नहीं है। मगर, लंबे समय तक ऐसा करने से सेहत को नुकसान होता है। बच्चों की इन आदतों पर ऐसे नियंत्रण करें।

बच्चों में नाखून चबाना, बालों को घुमाना, पैर-हाथ हिलाने की आदतों को इन आदतों को ऑटिज्म से जुड़ा माना जाता है। हालांकि अगर समय रहते अभिभावक कुछ उपाये करें तो उनकी ये आदतें छुड़वाई भी जा सकती है।

इसने कई प्रकार के नुकसान होते हैं।

1 गंदगी से भरे नाखून जब मुंह में जाते हैं तो इससे बच्चों को इंफेक्शन, दांत कमजोर, मसूड़ों की बीमारियां, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इंफेक्शन्स , डायरिया और पेट दर्द की समस्या हो सकती है।

2 पैर हिलाने की आदत से लगातार पैरों में दर्द व सनसनी, खिंचाव, भारीपन, , कमजोर मांसपेशियां और पैरों में चुभन महसूस होने लगती है। वहीं, इससे जोड़ कमजोर और ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ने का डर भी रहता है।

3 लंबे समय तक उंगलियां चटकाने से गठिया रोग की समस्या भी हो सकती है। दरअसल, ये हड्डियां एक दूसरे से जुड़ी होती है और उंगलियां चटकाने से इनके बीच मौजूद द्रव कम होता जाता है, जिससे बच्चे इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

नाखून चबाने की आदत

बच्चों की उंगलियों में नीम या लौंग का तेल लगा दें। इसका स्वाद कड़वा होता है, जिससे बच्चे की नाखून चबाने की आदत छोड़ देती है।

बच्चों को व्यस्त रखें। उनसे ड्रांइग करवाएं या हाथों की कोई भी एक्टिविटी करवाएं। अगर बच्चे पढ़ते या टीवी देखते समय ऐसा करते हैं तो उन्हें खानपान में व्यस्त रखें।

पैर हिलाने पर तुरंत टोकें

जैसे ही बच्चे पैर हिलाने लगे तो उन्हें तुरंत टोक दें। आपके बार-बार ऐसा करने से उनकी आदत दूर हो जाएगी। हो सकता है बच्चा ऐसा स्ट्रेस की वजह से कर रहे हों। ऐसे में उन्हें तनावमुक्त रखने के लिए फिजिकल एक्टिवीटी ज्यादा करवाएं और उन्हें व्यस्त रखें।

योग से दूर होगा स्ट्रेस

आपका बार-बार बालों से खेलता है तो उन्हें टोक दें और समझाएं कि ये गलत है। शुरु से ही बच्चे को तनाव मुक्त और रखने के लिए योगा करवाएं।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# दूध में मिलाकर पिएं बस 2 इलाइची



आज के तेजी से बदलते हुए दौर में हम अपने खाने पीने का विशेष ध्यान नहीं देते हैं और यही वजह है कि अक्सर हम बीमार पड़ जाते हैं। बीमारियों की चपेट में आने से बचे रहने के लिए हमें अपनी डायट की आदतों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कहा जाता है कि सेहतमंद बने रहने के लिए दूध पीना बहुत जरूरी है। लेकिन अगर आप दूध में इलायची मिलाकर पीते हैं तो आप नीचे बताई जा रही इन गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बचे रहेंगे। आइए अब इसके बारे में विस्तार से जानते हैं...

सर्दी-जुकाम को ठीक करे

नेशनल सेंटर फॉर बायो टेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के अध्ययन के अनुसार, इलायची में कॉमन कोल्ड को ठीक करने का ही गुण पाया जाता है। के द्वारा भी इस बारे पुष्टि की जा चुकी है। इसलिए जो लोग सर्दी-जुकाम की चपेट में आने से बचे रहना चाहते हैं वह इलायची और दूध का सेवन से कर सकते हैं। खासकर यह उन लोगों के लिए और भी फायदेमंद रहेगा, जो इम्यून सिस्टम काफी कमजोर होने की वजह से जल्दी-जल्दी सर्दी-जुकाम की चपेट में आ जाते हैं।

कैंसर की बीमारी से बचाने

बदलती हुई जीवनशैली के कारण आज हम कई प्रकार के कैंसर से भी वाकिफ हो चुके हैं। इसलिए हमें ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए जिससे कैंसर होने का खतरा कम रहे। इलायची में एंटी कैंसर एक्टिविटी पाई जाती है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इलायची और दूध का एक साथ किया गया सेवन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खतरे को भी कई गुना तक कम कर सकता है। कैंसर को अपने शरीर से दूर बनाए रखने के लिए आप दूध और इलायची का सेवन कर सकते हैं।



हड्डियों को मिलेगी मजबूती

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए दूध काफी सक्रिय रूप से कार्य करता है क्योंकि इसमें कैल्शियम की मात्रा पाई जाती है। वहीं, इलायची में मौजूद कैल्शियम की मात्रा इसके फायदे को दोगुना कर देती है। इसलिए बुजुर्ग लोगों को विशेष तौर पर दूध में इलायची मिलाकर पीना चाहिए जो उनके लिए काफी फायदेमंद रहेगी। दूध और इलायची घर में छोटे बच्चों के लिए भी काफी फायदेमंद रहेगा।

पाचन क्रिया को करेगा मजबूत

पाचन क्रिया को मजबूत बनाने के लिए इलायची और दूध दोनों में फाइबर नामक पोषक तत्व पाया जाता है। कई वैज्ञानिक रिसर्च में इस बात का दावा किया जा चुका है कि फाइबर पोषक तत्व हमारे पाचन के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए जिन लोगों की पाचन क्रिया ठीक तरीके से पूरी नहीं होती है, ऐसे लोगों को दूध और इलायची का सेवन खाने के बाद करना चाहिए। इससे पाचन क्रिया ठीक तरह से काम करेगी और आप पाचन संबंधी कई प्रकार की बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

अल्सर को ठीक करने में मिलेगी मदद

आपने अक्सर मुंह के छालों से कई लोगों को परेशान होते हुए जरूर देखा होगा। आमतौर पर यह पेट के ठीक तरह से साफ ना होने के कारण होता है। जबकि इलायची में ऐसे विशेष गुण होते हैं जो मुंह और पेट के छालों को भी ठीक करने में कारगर साबित हो सकते हैं। इलायची में पाई जाती है जो छालों को ठीक करने के लिए प्रभावी मानी जाती है। इसलिए दूध और इलायची का एक साथ किया गया सेवन आपको छालों की समस्या से भी निदान दिला सकता है।

## शब्द सामर्थ्य

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## नथ जेवर या जंजीर में मेरा किरदार टू-इन-वन हैः अनुपमा सोलंकी

एक्ट्रेस अनुपमा सोलंकी नथ जेवर या जंजीर शो पाकर खुद को खुशकिस्मत मानती हैं। उनका कहना है कि वह अपने किरदार को पसंद करती हैं, जो हंसाने के साथ नेगेटिव भी है। नथ जेवर या जंजीर 15 साल का लीप ले रहा है। इस बार 99 फीसदी स्टार कास्ट बदल गई है। दरअसल, यह शो एक नया शो बन रहा है और उन्होंने शो का नाम भी बदल दिया है। इसे अब नथ कृष्णा और गौरी की कहानी से जाना जाता है।

मेरा किरदार मैडम सर और बिंदिया सरकार की भूमिका से मिला-जुला है। यह रोल टू-इन-वन है, जो नेगेटिव के साथ-साथ हंसाने वाला भी है। यह नेगेटिव शेड की तुलना में काफी नया और चुनौतीपूर्ण है। मेरा किरदार कलावती है। चाहत पांडे कृष्णा की भूमिका निभा रही हैं और मेरी मां वंदना विठालिनी की भूमिका निभा रही हैंउन्होंने कहा, दो शैली को एक साथ निभाना सोने पर सुहागा जैसा है। यह पहली बार है जब मैं इस तरह का किरदार निभा रही हूं, जिसमें दोहरे किरदार हैं।

मैं किसी रोल में टाइपकास्ट होने के बारे में चिंतित नहीं हूं क्योंकि पिछले साल मैंने मैडम सर किया था, जहां मैंने एक पॉजिटिव किरदार निभाया था और इससे पहले मैंने मोहिनी का किरदार निभाया था, जो भगवान विष्णु का अवतार है। मैं इस टाइप कास्ट के बारे में चिंतित नहीं हूं। उनसे पूछा गया कि क्या वह उन भूमिकाओं से संतुष्ट हैं जो उन्हें मिल रही हैं, तो उन्होंने कहा, मैं अपने करियर से पूरी तरह संतुष्ट हूं क्योंकि मैं अक्सर अलग-अलग भूमिकाएं कर रही हूं।

## एक्शन थ्रिलर जापान का टीजर आउट, मुख्य भूमिका में कार्ति

मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन फ्रेंचाइजी की सफलता के बाद तमिल स्टार कार्ति जल्द ही राजू मुरुगन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर जापान में दिखाई देंगे। निर्माताओं ने जापान का फर्स्ट-लुक टीजर जारी किया। जापान कार्ति के लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह उनकी 25वीं फिल्म है। इसमें अनु इमैनुएल, सुनील और विजय मिल्टन भी प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ड्रीम वारियर पिक्चर्स ने तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में इंट्रो वीडियो साझा किया है।

कैप्शन में लिखाः हमारा जापान आने वाला है - भारत में निर्मित। जापान 2023 की दिवाली में रिलीज होगी। वीडियो में, जापान के रूप में कार्ति पूरी तरह से नए तेजतर्रार अवतार में दिखाई दे रहे हैं, घुंघराले बाल, फंकी चश्मा और एक ट्रैक सूट पहने हुए हैं, और उन्होंने अपने दोनों हाथों में दो गोल्डन मशीन गन लिए हुए हैं। सिनेमैटोग्राफी रवि वर्मन की है और एडिटिंग फिलोमिन राज की है। फिल्म का संगीत और बैकग्राउंड स्कोर जी.वी. प्रकाश ने दिया है।

## रणबीर-दीपिका की ये जवानी है दीवानी को 10 साल पूरे!

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों द्वारा भरपूर प्यार मिला था। इसमें आदित्य रॉय कपूर और कल्कि कोचलिन भी हैं। अब बुधवार (31 मई) को ये जवानी है दीवानी ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर निर्देशक अयान मुखर्जी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है।

अयान ने लिखा, ये जवानी है दीवान, मेरा दिल का टुकड़ा आज 10 साल का है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस फिल्म को बनाना मेरे जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक है। मैंने अभी तक इस फिल्म को पूरा नहीं देखा है, लेकिन जब मैं बूढ़ा हो जाउंगा तो इसको जरूर देखूंगा। ये जवानी है दीवानी और उन सभी लोगों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, जो वर्षों से इसकी गहराई से जुड़े हैं।

## मनीष पॉल का ओटीटी डेब्यू, जियो सिनेमा पर होगी स्ट्रीम

वेब सीरीज रफूचक्कर का टीजर रिलीज हो गया है। इस सीरीज के साथ मनीष पॉल ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। ये सीरीज कॉन ड्रामा पर बेस्ड है। सीरीज में मनीष पॉल अलग-अलग लोगों के भेष में लोगों से ठगी करते नजर आएंगे। टीजर में दिखाए गए मनीष के अलग-अलग लुक्स को काफी पसंद किया जा रहा है। सीरीज में मनीष पॉल कभी फिटनेस एक्सपर्ट तो कभी वेडिंग प्लानर के रोल में दिखेंगे। वेब सीरीज की शूटिंग नैनीताल और दिल्ली के कुछ इलाकों में हुई है। सीरीज में ठगी का पता लगाने के लिए डीप फेक, फेस मैपिंग और डिजिटल फूटप्रिंट जैसी ने टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को भी फिल्माया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि मनीष किस तरह लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे ठगी करते हैं और फिर रफूचक्कर हो जाते हैं। इस सीरीज में मनीष के साथ प्रिया बापट और संतोष सिंह भी नजर आएंगे। रीतम श्रीवास्तव सीरीज के डायरेक्टर हैं। सीरीज 15 जून से जिओ सिनेमा पर स्ट्रीम होगी। सीरीज को ज्योति देशपांडे ने प्रोड्यूस किया है। (आरएनएस)

## सामंथा रुथ प्रभु फिल्म चेन्नई स्टोरी से भरेंगी हॉलीवुड की उड़ान



सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया है। वह न सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड के दर्शकों के बीच भी लोकप्रिय हैं। बहरहाल अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, सामंथा हॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने को तैयार हैं। वह इसे लेकर उत्साहित हैं। उनकी पहली विदेशी फिल्म और इससे जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई हैं।

काफी समय पहले खबरें आई थीं कि सामंथा हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं। अब खबर है कि वह चेन्नई स्टोरी से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं। सामंथा आजकल सर्बिया में वरुण धवन के साथ सिटाडेल की शूटिंग कर रही हैं। इसका शूट खत्म करते ही वह चेन्नई स्टोरी की शूटिंग शुरू कर देंगी। इस फिल्म का निर्देशन बाफ्टा में नामांकन पा चुके जाने-माने निर्देशक फिलिप जॉन कर रहे हैं।

फिल्म में सामंथा के साथ भारतीय मूल के इंग्लिश एक्टर विवेक कालरा नजर आएंगे। वह इसमें एक दक्षिण एशियाई वेल्शमैन का किरदार निभाएंगे। फिल्म में उन्हीं की कहानी बताई जाएगी, जो अपने पिता को खोजने के लिए चेन्नई का सफर करता है। वह एक जासूस (सामंथा) से मदद मांगता है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें सामंथा और विवेक की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों का जश्न मनाएगी और इन्हें एकजुट करेगी।

प्यार की कलियां कहीं भी खिल सकती है, फिल्म में यह देखने को मिलेगा। सामंथा फिल्म में एक ऐसी तमिल महिला की भूमिका में होंगी, जो खुद की डिटेक्टिव एजेंसी चलाती है। फिल्म में सामंथा का किरदार एक गरम दिमाग वाली स्वतंत्र महिला का है। यह फिल्म 2004 में आए लोकप्रिय उपन्यास अरेंजमेंट्स ऑफ लव पर आधारित है। इस उपन्यास के लेखक टी.एन. मुरारी हैं। फिल्म की शूटिंग चेन्नई और ब्रिटेन में होगी। फिल्म अंग्रेजी और तमिल में रिलीज होगी।

फिलिप जॉन को ब्रिटिश सीरीज बीइंग ह्यूमन में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए बाफ्टा अवार्ड्स में नामांकन मिल चुका है। उन्हें टीवी सीरीज डाउनटन एबी से खासी लोकप्रियता मिली थी। फिलिप आउटलैंडर, मर्फी लॉ और वेडिंग बेल्स जैसी चर्चित टीवी सीरीज के निर्देशक रह चुके हैं।

सामंथा पिछली बार फिल्म शाकुंतलम में दिखीं, जिसमें उनके काम को सराहा गया। वह अब पैन इंडिया फिल्म कुशी में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ विजय देवरकोंडा हैं। वह दिनेश विजन की एक हॉरर कॉमेडी फिल्म का हिस्सा भी हैं। सामंथा ने अनुष्का शर्मा के साथ भी एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। यह एक महिला केंद्रित फिल्म होगी। इसके अलावा वह वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें उन्हें पहली बार वरुण का साथ मिला है। (आरएनएस)

## श्रिया पिलगांवकर के साथ वेब सीरीज द ब्रोकन न्यूज के सीजन 2 में नजर आएंगे अक्षय ओबेरॉय

अभिनेता अक्षय ओबेरॉय जल्द ही न्यूज ड्रामा सीरीज द ब्रोकन न्यूज सीजन 2 की टीम में शामिल होंगे। उनका किरदार नया होगा। शो के पिछले सीजन के अन्य पात्रों में सोनाली बेंद्रे, जयदीप अहलावत, श्रिया पिलगांवकर आदि शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अक्षय ओबेरॉय जल्द ही द ब्रोकन न्यूज सीजन 2 का हिस्सा होंगे। अभी तक उनके किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, क्योंकि यह अभी शुरूआती दौर में है। लेकिन फिल्म निर्माता अक्षय को भूमिका के लिए कास्ट करने के इच्छुक थे क्योंकि वह भूमिकाओं में फिट बैठते हैं।

समीक्षकों द्वारा प्रशंसित शो की शूटिंग, जो जी5 द्वारा बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से की जा रही है, जल्द ही शुरू होगी। अक्षय ओबेरॉय फिलहाल फाइटर में व्यस्त हैं, जिसमें वह एयरफोर्स पायलट की भूमिका निभा रहे हैं।

फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण को भारतीय वायु सेना के पायलट के रूप में भी देखा गया है। यह 25 जनवरी, 2024 को रिलीज के लिए निर्धारित है। कहा जाता है कि यह फिल्म दुनिया भर में शूट की जाएगी और देश के सशस्त्र बलों के बलिदान को श्रद्धांजलि देगी।

## महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी28 13 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी



महेश बाबू का नाम दक्षिण भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं की सूची में शुमार है। मौजूदा वक्त में वह अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी28 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें महेश के अलावा पूजा हेगड़े और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

पिछले दिनों निर्माताओं ने एसएसएमबी28 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें महेश दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने एसएसएमबी28 का नया पोस्टर अपने पिता कृष्णा को समर्पित किया है।

महेश ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एसएसएमबी28 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज का दिन और भी खास है! यह आपके लिए है पापा। गौरतलब है कि पिछले साल महेश के पिता कृष्णा का निधन दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुआ था। फिल्म एसएसएमबी28 की बात करें तो इसका निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसएसएमबी28 के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने 81 करोड़ रुपये में खरीद लिए हैं।

इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का धमाकेदार पोस्टर शेयर किया था और इसके साथ ही एक्टर ने फिल्म का रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है। फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं थे।

महेश बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी नई फिल्म एसएसएमबी 28 के पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसमें वह फुल स्वैग में नजर आ रहे हैं। मुंह में सिगार दबाए हुए महेश बाबू टशन में नजर आ रहे थे। उनके सामने लोगों की भीड़ दिख रही थी। महेश बाबू ने कैप्शन में बताया कि उनकी ये फिल्म 13 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

बताते चलें कि महेश बाबू आरआरआर के डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ काम करने जा रहे हैं। एसएस राजामौली और महेश बाबू की फिल्म का टेंटेटिव टाइटल एसएसएमबी 29 रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महेश बाबू अपनी इस फिल्म के लिए लंबी वर्कशॉप करेंगे। ये वर्कशॉप इस साल के अंत तक शुरू की जाएगी, जो करीब 6 महीने तक चलेगी।

# छत्तीसगढ़ में एक ऐसा समुदाय जिनके रोम-रोम में बसते हैं राम

डॉ. ओम प्रकाश डहरिया

आजकल टैटू का चलन बहुत है। कोई अपने देह में प्रिय वाक्य टैटू के रूप में लगा देता है, तो कोई अपने आराध्य का टैटू लगा लेता है और कोई अन्य किसी तरह का डिजाइन बनाता है। पुराने समय में गोदना होता था और शरीर में कुछ हिस्सों में गोदना करा देते थे। भारत में गोदना हमेशा सीमित दायरे में ही रहा। पहली बार छत्तीसगढ़ में एक ऐसा संप्रदाय उभरा जिसने राम के नाम को अपने भीतर ऐसे समा लिया और राम के नाम में इतने गहराई से डूबे कि अपने सारे अंगों में राम के नाम का गोदना करा लिया। वस्त्र राम नाम से रंग लिया। भक्ति भाव की ऐसी गहन परंपरा देश में अन्यत्र दुर्लभ है।

रामनामी संप्रदाय ने पूरी तरह अपने को राम के रंग में रंग लिया है। उनका पूरा जीवन अपने आराध्य की भक्ति में लीन है। उनका मानना है कि उनके भगवान भक्त के बिना अधूरे हैं। सच्चे भक्त की खोज भगवान को भी होती है। छत्तीसगढ़ में यह पद्य बहुत चर्चित है कि हरि का नाम तू भज ले बंदे, पाछे में पछताएगा जब प्राण जाएगा छूट। रामनामी संप्रदाय के हिस्से में इस पछतावे के लिए जगह ही नहीं है क्योंकि उनका हर पल राम के नाम में लिप्त है। न केवल राम का नाम अपितु आचरण भी वे अपने जीवन में उतारते हैं। जिस तरह वे सुंदर मोर पंख धारण करते हैं उसी प्रकार की मन की सुंदरता भी उनके भीतर है। भगवान श्रीराम का नाम और उनका आदर्श चरित्र उनके मन को निर्मल रखता है और मयूर की तरह ही सुंदर मन के साथ वे प्रभु की भक्ति में लीन रहते हैं।

उनका बसेरा उन्हीं क्षेत्रों में है जहां से भगवान श्रीराम के पवित्र चरण गुजरे और जिन्हें अभी मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल श्रीराम वन गमन पथ के रूप में विकसित कर रहे हैं। उनका बसेरा जांजगीर चांपा, शिवरीनारायण, सारंगढ़, बिलासपुर के पूर्वी क्षेत्र में है और अधिकतर ये नदी किनारे पाए जाते हैं। भगवान श्रीराम अपने वनवास के दौरान महानदी के किनारों से गुजरे और संभवत: इन इलाकों में रहने वाले लोगों को सबसे पहले उन्होंने अपने चरित्र से प्रभावित किया होगा।

छत्तीसगढ़ के रामनामी संप्रदाय के रोम-रोम में भगवान राम बसते हैं। तन से लेकर मन तक तक भगवान राम का नाम है। इस समुदाय के लिए राम सिर्फ नाम नहीं बल्कि उनकी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये राम भक्त लोग 'रामनामी' कहलाते हैं। राम की भक्ति भी इनके अंदर ऐसी है कि इनके पूरे शरीर पर 'राम नाम' का गोदना गुदा हुआ है। शरीर के हर हिस्से पर राम का नाम, बदन पर रामनामी चादर, सिर पर मोरपंख की पगड़ी और घुंघरू इन रामनामी लोगों की पहचान मानी जाती है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की भक्ति और गुणगान ही इनकी जिंदगी का एकमात्र मकसद है। रामनामी संप्रदाय के पांच प्रमुख प्रतीक हैं। ये हैं भजन खांब या जैतखांब, शरीर पर राम-राम का नाम गोदवाना, सफेद कपड़ा ओढ़ना, जिस पर काले रंग से राम-राम लिखा हो, घुंघरू बजाते हुए भजन करना और मोरपंखों से बना मुकट पहनना है। रामनामी समुदाय यह बताता है कि श्रीराम भक्तों की अपार श्रद्धा किसी भी सीमा से ऊपर है। प्रभु राम का विस्तार हजारों पीढ़ियों से भारतीय जनमानस में व्यापक है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पूर्वी और मैदानी क्षेत्रों में सतनाम पंथ के अनुयायी सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में निवास करते है। तत्कालीन समय में जब समाज में कुरीतियां काफी व्याप्त थीं। मंदिरों में प्रवेश पर कई तरह के प्रतिबंध थे। ऐसे समय में सतनामी समाज के ही एक सदस्य वर्तमान में जांजगीर-चांपा जिले के अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी श्री परशुराम ने रामनामी पंथ शुरू की थी ऐसा मानना है। यह समय सन् १८९० के आस-पास मानी जाती है।

रामनामी समाज के लोगों के अनुसार शरीर में राम-राम शब्द अंकित कराने का कारण इस शाश्वत सत्य को मानना है कि जन्म से लेकर और मृत्यु के बाद भी पूरे देह को ईश्वर को समर्पित कर देना है। जब हमारी मृत्यु हो जाती है तो राम नाम सत्य है पंक्ति के साथ अंतिम संस्कार की ओर आगे बढ़ते हैं और राम नाम सत्य के उद्घोष के साथ ही पूरा शरीर राख में परिवर्तित हो जाता है। रामनामी समाज के लोग इस हाड़-मांस रूपी देह को प्रभु श्री राम की देन मानते है। रोम-रोम में राम की उपस्थिति मानते हैं।

राम को ईष्ट देव मानकर रामनामी जीवन-मरण को जीवन के वास्तविक सार को ग्रहण करते हैं। इसी वास्तविकता को मानते हुए रामनामी समाज के लोग सम्पूर्ण शरीर में गोदना अंकित कर अपने भक्ति-भाव को राम को समर्पित करते हैं। छत्तीसगढ़ में लोक परंपरा है कि बड़े-छोटे, रिश्ते-नाते को सम्मान देने सुबह हो या शाम या रात्रि का समय हो राम-राम शब्द नाम का अभिवादन किया जाता है।

रामनामी अहिंसा पर विश्वास करते है। सत्य बोलते है। सात्विक भोजन करते हैं। सतनाम पंथ के लोग सतनाम की आराधना करते है, वहीं रामनामी राम की आराधना करते हैं। संतनाम पंथ के संस्थापक संत गुरू घासीदास बाबा ने कहा है कि 'अपन घट के ही देव ला मनइबो, मंदिरवा में का करे जइबों के जरिए अपने शरीर को ही मंदिर मानकर उन्हीं की पूजा आराधना व विचार को बदलने की बात कही है, वहीं रामनामी संप्रदाय के लोगों ने भी मंदिर और मूर्ति के बजाय अपने रोम-रोम में ही राम को बसा लिया और तन को मंदिर बना दिया। अब इस समाज के सभी लोग इस परंपरा को निभा रहे हैं। इनकी एक अलग पहचान है। पूरे बदन पर राम नाम का गुदना गुदवाते हैं। घरों की दीवारों पर राम के ही चित्र होते है। अभिवादन भी राम का नाम लेकर करते हैं।

मानव तन ईश्वर का सबसे सुंदर रूप माना जाता है। रामनामी संप्रदाय के लोगों ने इस सुंदर रूप में राम को बसाकर उसकी सुंदरता में चार चाँद लगा दिये हैं। उनकी भक्ति की श्रेष्ठ परंपरा के आगे हम सब नतमस्तक हैं।

राजस्थान में मोदी के चेहरे पर चुनाव!

कर्नाटक में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा था और बुरी तरह हारी। नतीजों के बाद ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा था कि भाजपा इससे सबक लेगी और राज्यों में मजबूत क्षत्रपों के चेहरे आगे करेगी। कर्नाटक में हार का एक कारण येदियुरप्पा को हटाना और निराकार बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाना भी था। तभी कई राज्यों के प्रादेशिक क्षेत्रपों की उम्मीद जगी थी और उनको लगा था कि अब उनको महत्व मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं होगा। भाजपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक इस साल जितने राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उन सबमें पार्टी नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी। भाजपा के एक जानकार नेता का कहना है कि कर्नाटक में भाजपा मोदी के चेहरे पर हारी है इसलिए जरूरी है कि लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा मोदी के चेहरे पर जीते।

भाजपा के जानकार नेताओं का कहना है कि राजस्थान और मध्य प्रदेश अलग राज्य हैं। वे कर्नाटक की तरह नहीं है। कर्नाटक में भले मोदी का जादू नहीं चला लेकिन हिंदी पट्टी के राज्यों में जरूर चलेगा। इसलिए कर्नाटक में जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई राजस्थान और मध्य प्रदेश में होगी। राजस्थान में भाजपा विपक्ष में है और यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि किसी को सीएम दावेदार घोषित करके पार्टी लड़ेगी। लेकिन ऐसा नहीं होने जा रहा है। केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर 31 मई को अजमेर में प्रधानमंत्री मोदी की रैली होगी और उसके बाद रैलियों का सिलसिला शुरू होगा, जो चुनाव तक चलेगा। बताया जा रहा है कि राजस्थान के हर जिले में मोदी की रैलियां होंगी। इस भीषण गर्मी से लेकर पूरी बरसात उनकी रैलियां चलती रहेंगी। भाजपा को राजस्थान में जीत का पूरा भरोसा है इसलिए श्रेय प्रदेश नेतृत्व को नहीं जाने दिया जाएगा। समूचा फोकस प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर रखा जाएगा।

## सू- दोकू क्र.040

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 39 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# राजनीति : भारत ने बनाया तीसरा ध्रुव

डॉ. दिलीप चौबे

दुनिया के कूटनीतिक और विदेश नीति विशेषज्ञ अब भारत को तीसरे ध्रुव के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी विशेषज्ञ फुकुयामा का मानना था कि दुनिया में अब केवल एक ध्रुव अमेरिका ही रहेगा। यह विश्व व्यवस्था अनंतकाल तक चलेगी। पिछले तीन दशकों में दुनिया के हालात बदले और अपनी आर्थिक ताकत के बलबूते चीन ने दूसरा ध्रुव बनने का दावा पेश किया जिसे चाहे-अनचाहे पश्चिमी देश भी स्वीकार करने लगे हैं। पिछले एक दशक में भारत में राजनीतिक स्थायित्व और सक्रिय विदेश नीति के कारण अमेरिका और चीन वाली दो ध्रुवीय वि व्यवस्था में नया पहलू जुड़ सकता है। राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस ने सोवियत विघटन से उबरने के बाद नई ताकत हासिल की है, लेकिन निश्चित विचारधारा की गैर-मौजूदगी और बहुआयामी अर्थव्यवस्था के अभाव में वह वि स्तर पर अहम भूमिका निभाने की स्थिति में नहीं है।

भारत की विदेश नीति कभी शक्ति प्रदर्शन पर आधारित नहीं थी। पं. जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के आधार पर विकासशील और अर्धविकसित देशों को एकजुट करने के लिए गुट-निरपेक्ष आंदोलन पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए हालात में पं. नेहरू का अनुसरण करते हुए ग्लोबल साउथ को एकजुट करने की कोशिश की है। यूक्रेन युद्ध के दौरान तटस्थ भूमिका निभाकर भारत ने अपनी विश्वसनीयता पर मोहर लगवा दी है।

पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने प्रधानमंत्री मोदी का चरणस्पर्श किया जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की अनोखी घटना है। उन्होंने भारत और मोदी को ग्लोबल साउथ का नेता भी करार दिया। प्रशांत क्षेत्र के देशों के लिए भौगोलिक रूप से चीन अधिक महत्त्वपूर्ण देश है। वहां के नेता अब भारत को अपना प्रवक्ता मान रहे हैं, तो यह विदेश नीति की बड़ी सफलता है। पापुआ न्यू गिनी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मोदी को बॉस बताया। वास्तव में मोदी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई शब्दावली के जन्मदाता बन रहे हैं।

भारत की भूमिका को लेकर देश में विशेषज्ञ दो खेमों में बंटे हुए हैं। बड़ा खेमा भारत की तटस्थ नीति और ग्लोबल साउथ को प्राथमिकता देने के पक्ष में है। दूसरी ओर छोटा लेकिन प्रभावशाली खेमा भारत के अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ गठजोड़ करने का समर्थक है। यह तबका ग्लोबल साउथ या तीसरे ध्रुव के विचार को दिवास्वप्न करार देता है। घरेलू राजनीति में भी विदेश नीति को लेकर मैतक्य नजर नहीं आता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रूस पर यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हैं। रूस की कार्रवाई की तुलना पूर्वी लद्दाख में चीन की सैनिक कार्रवाई से करते हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर और मनीष तिवारी भी रूस की आलोचक रहे हैं। पूरे प्रकरण में वामपंथी नेताओं और समीक्षकों की भूमिका दिलचस्प है। अमेरिकी साम्राज्यवाद का दशकों विरोध करने वाला तबका भारत की तटस्थ नीति का खुलकर समर्थन नहीं करता। इतना ही नहीं वामपंथी रुझान वाली मीडिया में रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रोपगेंडा को ही प्रसारित किया जा रहा है। हालांकि कुछ वामपंथी समीक्षक मोदी को कोई श्रेय न देने के बावजूद भारत की यूक्रेन नीति को सही ठहराते हैं। इस दौरान वे यूक्रेन युद्ध के बारे में क्या विचार व्यक्त करते हैं, इस पर सबकी नजर होगी। यह एक राजनीतिक हकीकत है कि दुनिया के अधिकतर देशों के नेता अमेरिकी प्रशासन की गुड बुक' में रहने की कोशिश करते हैं। लोक सभा चुनाव के पहले राहुल भी अमेरिकी प्रशासन को अपने अनुकूल करने की कोशिश कर सकते हैं, वहीं अपनी आधिकारित यात्रा के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी प्रशासन को आस्त कर सकते हैं कि स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करने के साथ ही भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है।

# अब तक हैली सेवाओं के माध्यम से 42855 तीर्थ यात्रियों ने किए श्री केदारनाथ धाम के दर्शन

कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को सुगमता से बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन कराने के उद्देश्य से हैली सेवाओं के माध्यम से अब तक 42855 तीर्थ यात्रियों को श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कराए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न हैलीपैड पर उपलब्ध कुल 08 हैली कंपनियों के माध्यम से 06 जून, 2023 तक तीर्थ यात्रियों को बाबा केदार के दर्शन हैली सेवा के माध्यम से कराए गए हैं। नोडल अधिकारी हैली सेवा/जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि यात्रा के आरंभ से गुप्तकाशी, फाटा, सीतापुर व शेरसी में कुल 08 हैली कंपनियों द्वारा श्रद्धालुओं को हैली सेवा उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें गुप्तकाशी से ट्रांस भारत व आर्यन द्वारा तीर्थ यात्रियों हेतु हैली सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी तरह फाटा से पवन हंस, ग्लोबल विक्ट्रा व थम्बी तथा शेरसी से हिमालयन क्रिस्टल एविऐशन व सीतापुर से ऐरो हैली कंपनी के द्वारा सटल सेवा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने अवगत कराया है कि सभी हैली कंपनियों के द्वारा अब तक कुल 7550 सटल सेवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 06 जून, 2023 को हैली सेवाओं के माध्यम से 1322 श्रद्धालु केदारनाथ धाम गए जबकि 1325 तीर्थ यात्री हैली के माध्यम से वापस आए तथा सभी हैली कंपनियों द्वारा 06 जून, 2023 को 231 सटल सेवा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने अवगत कराया है कि 06 जून, 2023 तक हैली सेवा के माध्यम से श्री केदारनाथ जाने वाले यात्रियों की संख्या 42855 है जबकि केदारनाथ धाम से हैली के माध्यम से वापस आने वाले यात्रियों की संख्या 41679 है।

# दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दहेज हत्या मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती 29 मई को कोतवाली गंगनहर में राज सिंह निवासी ग्राम जमालपुर कला थाना कनखल द्वारा दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बीते रोज आरोपी पति शिवम पुत्र जसवीर निवासी ग्राम गांगनौली सहारनपुर हाल संगम विहान गंगनहर को रेलवे स्टेशन के पास नशेमन तिराहे से दबोच लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत

संवाददाता

देहरादून। ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्रावाला चौकी पुलिस को आज सुबह सवा चार बजे पर 112 के माध्यम से सूचना मिली। जिस पर कॉलर ( स्टेशन मास्टर) से संपर्क किया गया तो बताया कि एक व्यक्ति खंबा नंबर 65 के पास ट्रेन से टकरा गया है। सूचना मिलते ही चीता पुलिस तुरंत रेलवे ट्रैक के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक के पास घायल अवस्था में मिला जिसके सर पर काफी गंभीर चोट लगी थी।

108 के माध्यम से उक्त व्यक्ति को दून हॉस्पिटल भिजवाया गया घायल व्यक्ति के पास से मिले मोबाइल में डायल नंबर से संपर्क किया गया तो वह नंबर उनकी पत्नी उमा देवी का था। उमा देवी द्वारा बताया गया यह उसके पति रामनिवास पुत्र विशंभर दयाल निवासी चांदा बामनपुर थाना हर्बल जनपद हरदोई उत्तर प्रदेश हाल निवासी मंगलम गार्डन नकरौंदा है। घायल की पत्नी को सूचना दी गई । दौराने उपचार उक्त व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लव जिहाद की लड़ाई, तुष्टीकरण पर..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

और आपसी भाईचारा समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा के लोग जिस तरह से इस मुद्दे को हवा दे रहे हैं उससे प्रदेश का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। उनका कहना है भाजपा के नेता और उनके अनुषांगिक दलों द्वारा जानबूझकर एक समुदाय विशेष को टारगेट किया जा रहा है जो संविधान और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है।

उधर भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने एक बार फिर कहा है कि प्रदेश में आए दिन जो इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं वह एक अंडरकवर एजेंडा है। उनका कहना है कि 20 हजार की दुकान किराए पर लेकर 5 हजार कमाने वालों को धन कहां से मुहैया हो रहा है। साथ ही वह कहते हैं कि नाम व धर्म बदल कर अपनी पहचान छिपाने वाले सही कैसे हो सकते हैं। उधर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट जो लैंड जिहाद को कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति का परिणाम बता चुके हैं, का कहना है कि यह एक बड़ी समस्या है लेकिन कांग्रेस इस पर भी सांप्रदायिक तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है जबकि ऐसे मुद्दों पर सब को एकजुट होकर सामने आना चाहिए।

# 450 किलो संरक्षित पशु के मांस के साथ दो गिरफ्तार, दो फरार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने संरक्षित पशु के 450 किलो मांस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोवंश संरक्षण स्क्वायड मे तैनात आशीष कुमार ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको सूचना मिली कि एक सिल्वर कलर की सैंटरो गाड़ी जिसमे एहसान, फैजान पुत्रा बुद्धू उर्फ जब्बार निवासी ग्राम गंदेवडा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर के द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर कहीं अन्य स्थान पर संरक्षित पशु की हत्या कर उसके मांस को उक्त सेंट्रो गाड़ी में भरकर बिक्री के लिए मुस्लिम कॉलोनी पार्क वाली मस्जिद के पास लाने वाले हैं सूचना पर विश्वास कर उसके द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी लक्खीबाग से संपर्क किया गया एवं सूचना की जानकारी देकर उचित पुलिस बल की मांग की गई तथा चौकी से सिपाही लेकर संयुक्त टीम बनाकर सरकारी एवं प्राइवेट वाहनों से लक्खी बाग चौकी क्षेत्र स्थित पार्क वाली मस्जिद के पास मुस्लिम कॉलोनी में पहुंचे एक सेंट्रो गाड़ी सिल्वर कलर की जो आसपास के बिजली के खम्बो पर लगी लाइटों में स्पष्ट दिखाई दे रही है उक्त गली में आकर रूकी। जो उनसे लगभग 30 मीटर की दूरी पर है। जिसको देखकर उसकी तरफ बड़े तो उक्त वाहन से चार व्यक्ति उनको अपनी तरफ आते हुए देख उतरकर भागने का प्रयास करने लगे तभी तत्परता से दो व्यक्तियों को यही गली में ही उक्त सैंटरो कार के पास ही आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। मौके पर पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी लेकर भागने का कारण पूछा तो एक व्यक्ति ने अपना नाम एहसान पुत्र बुद्धू उर्फ जब्बार निवासी ग्राम गंदेवड़ा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर तथा दूसरे ने अपना नाम सलमान पुत्र सानू निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर बताया जिन्होंने बताया कि उनके साथी फैजान पुत्र बुद्धू उर्फ जब्बार निवासी ग्राम गन्देवड़ा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर सोहेब पुत्र इरफान निवासी ग्राम गंदेवड़ा थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर के द्वारा मिलकर (जो दोनों अभी-अभी यहां से भागे हैं) रायपुर के जंगलों में दो गाय एक बछड़ा काटा था जिसके मांस को हम इस सैंटरो गाड़ी में भरकर यहां मुस्लिम कॉलोनी में बिक्री के लिए लेकर आए थे। पुलिस ने कार से 450 किलो मांस बरामद कर लिया। पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मन्दिर में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

नैनीताल। मन्दिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बीती 5 जून को हरेन्द्र क्वीरा पुत्र स्व. कुंवर सिंह क्वीरा निवासी देवलातल्ला कुंवरपुर द्वारा थाना काठगोदाम में सूचना देकर बताया गया कि 5 जून को रात आठ बजे राहुल थापा मन्दिर में घंटी चोरी कर था जिसे चोरी करते हुये रंगे हाथो पकड़ा गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी राहुल विष्ट उर्फ थापा पुत्र बीर बहादुर थापा निवासी गोकुलनगर जवाहरज्योति दमुवाढूंगा थाना काठगोदाम को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से चुरायी गयी तीन घंटियां भी बरामद की गयी है।

पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का बदमाश है जिस पर पहले भी कई मुकदमें दर्ज है।



# बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर कुंडल लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बुर्जुग महिला के साथ मारपीट कर उसके कान के कुण्डल लूटने के दो आरोपियों को पुलिस ने मात्र कुछ घंटो में ही गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज सोमवती बाई पत्नी राम सिंह निवासी बड़वांद थाना बटवाडा जिला खुरमुन मध्य प्रदेश हाल निवासी मंडी का कुआं द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया था कि क्षेत्र के ही रहने वाले दो व्यक्ति जिनका नाम हर्ष पुत्र स्व. राकेश व आशुतोष पुत्र स्व. कमलकान्त है के द्वारा उस पर मुक्को से वार कर उसके कान से कुंडल लूट लिये गये है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जिन्हे कुछ घंटो बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके पास से लूटे गये कुडंल भी बरामद कर लिये गये है। जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# मकान से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी में नौकर के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मकान से लाखों के जेवरात व नगदी चोरी के मामले में नौकर पर शक जताने पर पुलिस ने नौकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर कुमार सैनी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह ओ.एफ. डी. इस्टेट क्षेत्र में बंगला संख्या 17/ई. में रायपुर रोड रायपुर देहरादून (सरकारी क्वार्टर) में रहता है। वह 25 मई 2023 को सपरिवार अपने मित्र के यहाँ एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने बनारस गया था। उसने अपने घर की सुरक्षा के लिये अपने बंगले के साथ अटैच सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले सर्वेंट उमेश कुमार को अपने वापस आने तक बरामदे में सोने के लिये कहा था। वापसी पर 31 मई 2023 को प्रातः पौने सात बजे के लगभग जब उसने देहरादून रेलवे स्टेशन पहुंचने पर अपने सर्वेंट के पुत्र राजीव (मोनू) को बंगले के गेट का ताला खोलने के लिये फोन किया तो उसने बताया कि इस बंगले का ताला रात में चोरों ने तोड दिया है और चोरी कर ली है। बंगले पर पहुंचने पर उसने पाया कि चोरो ने उसके घर से मुख्यतः लगभग 12000 रूपये नगद, सोने के लगभग 10 ग्राम के जेवर, चांदी के लगभग 400 ग्राम के जेवर/बरतन, एक बजाज मोटर साइकल साडियां 07, लहंगे 05, सिले हुए डिजाइन सूट 05 तथा 03 नग घडियां चोरी कर लिये है। चोरी गई अन्य वस्तुओं/कपडों को प्रार्थी वस्तुओं की बरामदगी पर पहचान सकता है। इस चोरी में उसको सर्वेंट क्वार्टर में रहने वाले राजेन्द्र व उमेश पर शक है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

### वर्जीनिया में हुई गोलीबारी में दो की मौत, 5 घायल

वर्जीनिया। अमेरिका के वर्जीनिया में गोलीबारी की घटना सामने आई है मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीके पास सात लोगों को गोली मार दी गई, जिनमें से दो की मौत हो गई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि वर्जीनिया के रिचमंड में एक पार्क में गोलीबारी से दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने एक संदिग्ध और एक 19 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस चीफ रिक



एडवर्ड्स ने कहा कि घटना के बाद संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं रिचमंड पब्लिक स्कूल के अधिकारी मैथ्यू स्टैनली ने बताया कि फायरिंग रिचमंड के मोनरो पार्क में हुएनोट हाई स्कूल के स्नातक समारोह के बाद हुई।पार्क थिएटर से सड़क के पार वर्जीनिया कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी के परिसर में है। उन्होंने बताया कि तीन अधिकारी समारोह में सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए थे। पुलिस चीफ ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने गोलियों की आवाज सुनकर घटना की जानकारी रेडियो पर प्रसारित की और ट्रैफिक ड्यूटी पर काम कर रहे अन्य अधिकारियों को भी सूचित किया. एडवर्ड्स ने कहा कि इस गोलीबारी में सात लोग घायल हो गए थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक शख्स गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर एक कार से टकरा गया था। वहीं रिचमंड के मेयर लेवर एम. स्टैनली ने कहा कि हमलावरों को बख्शा नहीं जाएगा. स्टैनली ने कहा कि हाई स्कूल के ग्रेजुएशन समारोह को रद्द कर दिया गया है। बता दें कि स्कूल की वेबसाइट के अनुसार, मंगलवार को अल्ट्रिया थिएटर में तीन स्कूलों के लिए स्नातक समारोह निर्धारित किया गया था। वहीं रिचमंड पब्लिक स्कूल के जेसन कामरस ने बताया कि जब गोलीबारी हुई तब तक ग्रेजुएशन समारोह खत्म हो गया था। छात्र अपने परिवार के साथ तस्वीरें ले रहे थे। कामरस ने दुख जताते हुए कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। मैं लोगों को गोली मारते देखकर थक गया हूं।हमारे बच्चों को गोली मार दी गई है।

### कुकी समुदाय की महिलाओं ने किया अमित शाह के घर के बाहर साइलेंट प्रोटेस्ट

नई दिल्ली। मणिपुर में जारी हिंसा अभी तक शांत नहीं हो सकी है। मणिपुर हिंसा की आंच अब दिल्ली तक पहुंच गई है। बुधवार 7 जून को कुकी समुदाय की महिलाएं दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह के घर के बाहर पहुंचीं और साइलेंट प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी महिलाओं ने अपने हाथों में तख्तियां भी ले रखी थीं। गृह मंत्री के घर के प्रदर्शन कर रही कुकी समुदाय के लोगों का कहना है कि हिंसा के बाद अमित शाह ने प्रदेश का दौरा किया था। साथ ही, राज्य में शांति की बात कही थी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अमित शाह ने कहा था कि राज्य में शांति लौटेगी, इसलिए हम उनसे मिलने के




लिए आए हैं। इन प्रदर्शनकारियों में मणिपुर के कुकी, जोमी, हमारा और मिजो समुदाय के लोग शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गृहमंत्री प्रदर्शनकारियों से मिलने के लिए तैयार हो गए हैं। चार प्रदर्शनकारियों को ही गृह मंत्री के आवास के अंदर जाने दिया जाएगा, जहां वे अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा बाकी प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर भेज दिया गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शांति का भरोसा दिए जाने के बाद भी मणिपुर में उनके समुदाय के लोगों पर लगातार हमले हो रहे हैं। लोगों की जिंदगी दांव पर लगी हुई है। केवल गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही मदद कर सकते हैं।

### लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

नई दिल्ली। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नोलॉजी कंपनी क्यू एयर ने एक वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बताया है कि टॉप 50 सबसे प्रदूषित शहरों में से 38 भारत के हैं। वहीं दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर पाकिस्तान का लाहौर है। इसके बाद दूसरे नंबर पर चीन का होतान शहर है। वहीं भारत का भिवंडी शहर तीसरे



नंबर पर है, चौथे नंबर पर दिल्ली, पांचवें नंबर पर पाकिस्तान का पेशावर शहर, छठे नंबर भारत का दरभंगा, सातवें नंबर पर भारत का आसोपुर शहर, 8वें नंबर पर चाड का नजमेना शहर, नौवें नंबर पर भारत का नई दिल्ली शहर है। वहीं 10वें नंबर पर भारत का पटना शहर, 11वें नंबर पर भारत का गाजियाबाद शहर है. वहीं 12वें नंबर पर भारत का धारुहेड़ा, 13वें नंबर पर इराक का बगदाद, 14वें नंबर पर भारत का छपरा, 15वें नंबर पर भारत का मुजफ्फरनगर, 16वें नंबर पर भारत का फैसलाबाद, 17वें नंबर पर भारत का ग्रेटर नोएडा, 18वें नंबर पर बहादुरगढ़, 19वें नंबर पर भारत का फरीदाबाद और 20वें नंबर पर भारत का मुजफ्फरपुर शहर है।

# दायित्वधारियों की फर्जी सूची, किसका कारनामा

विशेष संवाददाता

देहरादून। बीते कल सोशल मीडिया पर वायरल हुई दायित्व धारियों की सूची ने भाजपा को बड़ी मुश्किल में फंसा दिया है। इस सूची में जिन लोगों के नाम शामिल हैं वह तमाम पार्टी के जाने-माने नेता और कार्यकर्ता है। भाजपा जो अपने आप को सबसे अनुशासित पार्टी बताती है उसमें किस नेता या पार्टी कार्यकर्ता की इतनी हिमाकत हो सकती है कि वह पार्टी की गोपनीय जानकारी को सार्वजनिक करने की गुस्ताखी कर सके? यह एक अहम सवाल है। वही दूसरा सवाल यह है कि जिन नेताओं के नाम इस सूची में हैं अब अगर उन्हें कोई दायित्व नहीं दिया जाता है तो उनकी नाराजगी भी स्वाभाविक होगी क्योंकि वह इसे अब अपना मजाक बनाया जाना ही समझेंगे।

एक सवाल यह भी है कि प्रदेश अध्यक्ष जब इस सूची को फर्जी बता चुके हैं तो इस पर स्वीकृत सूची की मोहर लगा पाना संभव नहीं है। महेंद्र भट्ट का कहना है कि यह पार्टी के खिलाफ एक बड़ा षड्यंत्र है यह सूची किसने तैयार की और क्यों की? सूची तैयार करने वाले का इसके पीछे क्या उद्देश्य है? तथा यह सूची कहां से वायरल हुई इसका पता लगाया जाना जरूरी है। इसके लिए प्रदेश भाजपा द्वारा एक इंटरनल जांच बैठा दी गई है वही पार्टी इस काम में साइबर क्राइम की पुलिस टीम की सहायता लेगी जिससे यह पता लगाया जा सके कि वह पहला व्यक्ति कौन है जिसके मोबाइल से यह सूची शेयर की गई है। भट्ट का मानना है कि किसी चतुर चालाक और शरारती तत्वों का यह कारनामा है। उनका कहना है कि इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह व्यक्ति कौन है।

**❑अनुशासित पार्टी को मुश्किल में फंसाने वाले शातिरों की तलाश शुरू**

#### कहीं सूची ओरिजिनल तो नहीं?

देहरादून। कुछ भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं मे इस सूची को लेकर यह भी कानाफूसी हो रही है कि जो सूची वायरल हुई है वह वास्तविक सूची ही है। लेकिन अब घोषणा से पहले इस सूची के वायरल हो जाने पर इसे फर्जी बताया जा रहा है। अगर यह सच है तो यह और भी गंभीर मामला है सच क्या है? इसे सिर्फ भाजपा के शीर्ष नेता ही जानते होंगे। लेकिन इस सूची का उचित मंच से घोषणा से पूर्व ही वायरल होना भाजपा के प्रदेश नेताओं के लिए बड़ी समस्या जरूर बन गया है।

भाजपा के लोगों का मानना है कि यह काम कोई बाहर का व्यक्ति या किसी दूसरे दल का नेता या कार्यकर्ता नहीं कर सकता है न ही कोई आम आदमी इस तरह की हरकत कर सकता है यह पार्टी के अंदर के ही किसी जयचंद का काम है। देखना होगा कि भाजपा कब तक और कैसे उस तक पहुंच पाती है। लेकिन भाजपा नेताओं को इस सूची ने मुश्किल में जरूर डाल दिया है जिसमें 51 नेताओं को दायित्वों का बंटवारा किया गया है।

### वन दरोगा भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा उत्तराखंड में होने वाली वन दरोगा भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार आयोग की वेबसाइट से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते है।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा उत्तराखंड वन विभाग में वन निरीक्षक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा कराई जा रही है। बता दें कि आयोग ने पूर्व में यह परीक्षा पेपर लीक की शिकायत मिलने के बाद रद्द की गई थी। जिसमें काफी हो हल्ला मचा था। लेकिन अब यह परीक्षा 11 जून को दोबारा हो रही है। बताया जा रहा है कि यह परीक्षा 11 जून 2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा राज्य के आठ जिलों के 139 केंद्रों पर होगी, जिसमें 51,961 अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयोग के अनुसार जिन उम्मीदवारों ने वन दरोगा पद के लिए आवेदन किया है, वह इसे आयोग की वेबसाइड पर डाउनलोड कर सकते है।

### मारपीट कर अश्लील हरकतें करने पर मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। घर में घुसकर मारपीट कर अश्लील हरकते करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राणा कालोनी हरिपुर कलां निवासी महिला ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाला विकास अपने साथ 6-7 लोगों को लेकर उसके घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा उसने जब शोर मचाया तो वह वहां से भाग गये।

## चाईल्ड पोनोग्राफी में दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। चाईल्ड पोनोग्राफी के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरोगा प्रमोद कुमार ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 19 मई 2023 की जांच की गयी तो गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल साइबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल के अन्तर्गत टिप लाईन के माध्यम से शिकायत सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी, वीडियो शेयर किया गया जिसकी आईपी डिटेल सम्बन्धी आईएसपी से प्राप्त की गयी जिसमें मोबाइल नम्बर जो हादीसन पत्नी शरीफा निवासी 169 रामपुर खुर्द सहसपुर विकासनगर देहरादून के नाम पर होना ज्ञात हुआ है प्रथम दृष्टया सही पाया गया उक्त प्रकरण आईटी एक्ट की धारा 67(बी) की हद को पहुंचता है जिसमें जांच होना अति आवश्यक है। वहीं कोतवाली ऋषिकेश में तैनात दरोगा चिंतामणि मैठाणी ने भी ऋषिकेश कोतवाली में इसी प्रकार का मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें एक व्यक्ति जिसका गर्दन से ऊपर का हिस्सा दिखायी न हीं दे रहा है तथा जो पूर्णत: नग्न अवस्था मे है। उक्त व्यक्ति का एक बहुत छोटी बालिका उम्र 3-4 साल के साथ आपत्तिजनक अश्लील हरकत करते हुए दिखाया गया हैं। जांच करने पर पता चला कि उक्त फेसबुक आईडी नई बस्ती आईडीपीएल की मलीर नेहा के नाम की है। इस प्रकार की वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करना समाज को दुषित करना है। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तपोवन रोड निवासी रोशनी देवी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा बाजार से घर वापस आ रहा था जब वह सहस्त्रधारा क्रासिंग पर पहुंचा तो एक आल्टो कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*